प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री वर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिल्पकारों से अपील की है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनें। वे महाराष्ट्र के वर्धा में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परम्परागत व्यवसाय का उत्पादन बढाने के लिए साढे छह लाख से अधिक लाभार्थियों को आधुनिक उपकरण प्रदान किये गये हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत बिना किसी गारंटी के तीन लाख रूपये तक का ऋण दिया जाता है। पिछले एक वर्ष में लाभार्थियों को एक हजार चार सौ करोड रूपये मूल्य के ऋणों का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि योजना के अधिकतर लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ के सिलसिले में इंडिया पोस्ट ने एक स्मृति डाक टिकट भी जारी करेगा। नरेंद्र मोदी ने इस योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल पहचान पत्र और डिजिटल कौशल प्रमाण पत्र भी जारी किये। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 लाभार्थियों को समारोह में ऋण के चौक प्रदान किये।

....

शिमला विश्वकर्मा

इस बीच शिमला के आई.टी.आई में पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। इस मौके पर सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत देशभर में 20 लाख 14 हज़ार से अधिक पंजीकृत विश्वकर्मा हैं। सुरेश कश्यप ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कारीगरों व शिल्पकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है और विश्वकर्मा योजना से इनकी आर्थिकी मज़बूत हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देना, उनका कौशल विकास और उन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

....

नड्डा–खाद्य शिखर सम्मेलन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए निरंतर सहयोग, नवाचार और प्रतिबद्धताओं का आह्‌वान किया है। आज नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए नड्डा ने कहा कि तेजी से हो रहे वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकताएं खाद्य प्रणालियों को नया रूप दे रही हैं। उन्होंने बढ़ते खाद्य उत्पादन, उपभोग के रुझान और वैश्विक व्यापार के अनुरूप खाद्य मानक तैयार करने में स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य संरक्षा व मानक प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भोजन में कीटनाशकों के अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और वैकल्पिक कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देने के भारत प्रयास कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है। जे.पी. नड्डा ने कहा कि हाल ही में, रिपोर्टों से मनुष्यों में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला है जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग विधियां विकसित करने में भारत के प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

....

पैंशनर धरना

कर्मचारियों के बाद अब पैंशनर भी लंबित देनदारियों को लेकर लामबंद हो गए हैं और पैंशनरों ने आज राज्य के सभी ज़िला मुख्यालयों पर अपनी मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन किया। शिमला में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष हुए धरना–प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पैंशनरों को डीए और एरियर का भुगतान नहीं किया है और इसके विरोध में ये प्रदर्शन किए गए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त व एस.डी.एम. के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे गए। आत्माराम शर्मा ने कहा कि पहली जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को आज तक संशोधित पैंशन का एरियर, लीव एनकैशमेंट, ग्रेच्युटी और कम्युटेशन नहीं दी गई है। उन्होंने पैंशनरों को महीने की 20 तारीख को भी पैंशन देने का विरोध किया। संघ का कहना है कि यदि पैंशनरों की मांगें नहीं मानी गई तो वे राज्य सचिवालय का घेराव करेंगे।

इस बीच शिक्षित बेरोज़गार संघ के सदस्यों ने भी अपनी मांगों को लेकर आज राज्य सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। बेरोज़गार युवाओं ने राज्य सरकार को रोज़गार देने संबंधी गारंटी की याद दिलाई और आउटसोर्स पर की जा रही भर्तियों का विरोध किया।

....

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा। मौसम विभाग ने आज से 24 सितंबर तक मौसम साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है जबकि 25 सितंबर को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

....